संक्षिप्त

तालाब को 21मीटर चुनरी ओढ़ाई

कपासन, (निसं)। राजेश्वर तालाब की पाल पर स्थित जाखड़ माता रानी के मंदिर में देव दीपावली के अवसर पर सर्व समाज की ओर से यज्ञ हवन और अन्नकूट का आयोजन किया गया। इस दौरान तालाब को 21 मीटर लंबी चुनरी ओढ़ाई गई और महिलाओं ने दीपदान किया।यह आयोजन तालाब में पानी की आवक होने के बाद किया गया। राजेश्वर सरोवर में लगभग पांच साल बाद पानी आने के कारण इस बार यह विशेष आयोजन हुआ। दोपहर 3 बजे महायज्ञ शुरू हुआ, जिसका समापन शाम 5 बजे पूर्णाहुति के साथ हुआ। इसके बाद शाम को ढाई क्विंटल अन्नकूट का महाभोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। जाखड़ माता मंदिर के घाट पर सरोवर को 21 मीटर चुनरी ओढ़ाई गई और सरोवर की महाआरती की गई। सर्व समाज की ओर से दीपदान भी किया गया।

धमका कर नकदी लूटी

उदयपुर, (कासं)। ऋषभदेव थाना पुलिस ने तीन बदमाशों के खिलाफ पीडित को धमका कर नकदी व माबाईल लूट ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित दर्शन पुत्र भेलाराम वेद निवासी बामनिया ऋषभदेव ने तीन बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 2 नवंबर को मैं उदयपुर से परसाद आने के लिए ट्रावेल्स बस में बैठा था। जहां नींद आने से मैं ऋषभदेव पहुंच गया तथा पीपली ए पर उतर गया। इसी दौरान आए तीन बदमाश धमका मुझसे 10 हजार रूपये नकदी व मोबाईल लूट ले गए। फोन कर परिजनों ने पूछा तब मैं पीपली पहुंचने का पता चलने पर वहां उतरा।

सड़क हादसे में वृद्धा की मौत

उदयपुर, (कासं)। सूरजपोल थाना क्षैत्र में टेम्पों की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सांय सूरजपोल थाना क्षैत्र जवाहर नगर के समीप रोड़ पर टेपों की टक्कर से पटेलवाड़ा विनायक चौक सलूम्बर निवासी शांतादेवी (65) पत्नी रामनारायण वैष्णव गंभीर घायल हो गई। जिसे परिजनों ने उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

चोर जेवरात ले जाना भूले

उदयपुर, (कासं)। सवीना थाना क्षैत्र में स्थित सूने मकान से चोरी कर भागते समय बदमाश लाखों के जेवरात ले जाना भूल गए। जानकारी के अनुसार शहर के सविना थाना क्षैत्र गोविन्दनगर सेक्टर 13 निवासी दीपक जैन के सूने मकान का ताला तोड़ चोर लाखों की नकदी चुरा ले गए। इस दौरान चोर 40 तोला सोने के जेवरात चोर मौके पर ही भूल गए। चोरी की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पडताल की तो सोने के जेवरात मौके पर ही मिल गए।

गुरू नानक जयंती मनाई

डूंगरपुर। पूज्य सिंधी पंचायत एवं सिंधी नवयुवक मंडल द्वारा गुरु नानक जयंती बुधवार को धूमधाम के साथ मनाई गई।

मीडिया प्रभारी सुनील भठीजा ने बताया कि गुरु नानक जयंती के अवसर पर सिंधी समाज के सभी दुकानों पर अवकाश रहा और झूलेलाल मंदिर में सुबह से भजन कीर्तन भोग साहब आरती प्रसाद वितरण के पश्चात दोपहर को सर्व प्रथम मंदबुद्धि तपस स्कूल के बच्चों को भोजन कराया गया इसके बाद समाजजन भोजन हुआ। सुबह 5 बजे झूलेलाल मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई, जो पोस्ट ऑफिस माताजी मंदिर,नया महादेव, सुभाष पार्क से होते हुए पुन: झूलेलाल मंदिर में सुबह 6.30 बजे समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे भजन कीर्तन, 11 बजे 108 जपजी साहब का पाठ, दोपहर 12 भोग साहब, दोपहर 12.30 बजे आरती एवं प्रसाद वितरण, दोपहर सर्व प्रथम मंदबुद्धि बच्चों को भोजन दोपहर 1.30 बजे महा प्रसादी समाज लंगर का अयोजन हुआ जिसमे बडी संख्या में धर्म प्रेमियों ने शिरकत की। गुरूद्वारे पर आकर्षक रोशनी की गई थी। कार्यक्रम के दौरान सिंधी समाज के संरक्षक रमेश वरियानी,अध्यक्ष अशोक कालरा, उपाध्यक्ष हरिकृष्ण भगतानी, उपाध्यक्ष सुनील भठिजा आदि मौजूद रहे।

बांसवाड़ा में वंदे मातरम 150 थीम पर होंगे विविध कार्यक्रम

बांसवाड़ा, (निसं)। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य में देशभक्ति, स्वदेशी एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने के लिये जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर वंदे मातरम् 150 थीम पर विभिन्न कार्यक्रम राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किये जाने प्रस्तावित हैं। जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव ने कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये हैं।

- **कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये**

8 नवम्बर को जिला स्तर पर शहर में तथा समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर प्रभातफेरी नागरिकों एवं बच्चों के माध्यम से वंदे मातरम् का प्रचार-प्रसार एवं समापन पर वंदे मातरम् का गायन होगा, इसके सफल क्रियान्वयन के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी तथा सीओ स्काउट को प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी दिन शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं पुलिस बैण्ड द्वारा वंदे मातरम् गायन के लिए जिला पुलिस अधीक्षक, जिले के समस्त विद्यालयों में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के सामुहिक गायन व चित्रकला, निबंध लेखन, रंगाली आदि प्रतियोगिता के लिए मुख्य जिला शिक्षाधिकारी, एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा समाजिक/स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से स्वच्छता अभियान एवं रक्तदान शिविर के लिए एनएसएस जिला संयोजक डॉ. प्रमोद वैष्णव, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक व प्रमुख चिकित्साधिकारी, स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिजनों के सम्मान के लिए उपखंड अधिकारी बांसवाडा, वंदे मातरम् थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए जिला शिक्षा अधिकारी व आयुक्त नगर परिषद, एलईडी स्क्रीन, फ्लेक्स, बैनर, होर्डिंग्स एवं विज्ञापन स्थलों पर वंदेश मातरम् के प्रदर्शन के लिए उपनिदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क व आयुक्त नगर परिषद, वंदे मातरम् हैशटैग के साथ सोशल मीडिया अभियान के लिए उपनिदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क व संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग को तथा ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर वंदे मातरम्/150 कार्यक्रम के आयोजन की कडी में विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं सामाजिक संस्थाओं की सहभागिता एवं एक स्थान, एक समय, एक गीत-वंदे मातरम् थीम पर सामूहिक गायन, रन, रैली और सामूहिक सेवाकार्य क्रियान्वयन के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इसी क्रम में 10 नवम्बर को समस्त राजकीय कार्यालयों में वंदे मातरम्-150 कार्यक्रम एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम के लिए पंचायतीराज एवं नगरीय निकायों को छोडकर समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। 11 को नगरीय निकाय में वंदे मातरम्-150 एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम के लिए आयुक्त नगर परिषद एवं अधिशासी अधिकारी कुशलगढ व परतापुर-गढी को प्रभारी नियुक्त किया गया है। 12 को समस्त पंचायतीराज संस्थानों में वंदे मातरम्-150 एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, 13 को समस्त स्कूलों, सम्बद्ध छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में वंदे मातरम्-150 एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम के लिए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को, 14 को उच्च शिक्षण संस्थानों में वंदे मातरम्-150 एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रार गोविन्द गुरू जनजाति विश्वविद्यालय को, 15 नवम्बर को सभी अस्पतालों एवं पुलिस थानों में वंदे मातरम्-150 एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम के लिए जिला पुलिस अधीक्षक व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यक्रम क्रियान्वयन के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला कलक्टर डॉ. यादव ने बताया कि 7 से 26 नवम्बर तक सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वंदे मातरम् का सामूहिक वाचन किया जाएगा जिसके लिए रजिस्ट्रार गोविन्द गुरू जनजाति विश्वविद्यालय एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को दायित्व सौपा गया है।

सार-समाचार

सड़क सुरक्षा विशेष अभियान शुरू

उदयपुर, (कासं)। राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में 3 नवम्बर को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में 4 से 18 नवम्बर तक 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा विशेष अभियान राज्यभर में प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में उदयपुर जिले में भी संभागीय आयुक्त एवं कार्यवाहक कलक्टर सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। केवलरमानी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी, मृत्यु दर घटाना, यातायात नियमों का सख्त पालन सुनिश्चित करना और सड़क उपयोगकर्ताओं में जागरूकता बढ़ाना हैं। पुलिस विभाग नोडल एजेंसी के रूप में अभियान का समन्वय करेगा तथा तेज गति, गलत दिशा या नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करेगा। बिना रिफ्लेक्टर या नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध चालान किए जाएंगे।

तीन क्लिनिक पर कार्यवाही के निर्देश

उदयपुर, (कासं)। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक आदित्य ने बुधवार को जिले में अवैध रूप से संचालित तीन क्लिनिक के विरुद्ध पुलिस कार्यवाही के आदेश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि वो राज्य सरकार के आदेशानुसार सेटेलाइट चिकित्सालय बडगांव के निरीक्षण पर पहुंचे तो देखा कि कुछ बिमार व्यक्ति सामने मेडिकल स्टोर पर खडे थे। जब वो उनके पास गये तो देखा कि वहां उनका इलाज किया जा रहा है। तीन मेडिकल स्टोर पर अवैध क्लिनिक संचालित कर लोगों को इंजेक्शन और ड्रीप लगाई जा रही है। इस पर सीएमएचओ ने जिला औषधि निरीक्षक को मौके पर बुलाया। विकास मेडिकल एंड लेबोरेटरी,हार्दिक मेडिकल स्टोर और आर के मेडिकल स्टोर तीनों मेडिकल स्टोर पर मरीजों का उपचार किया जा रहा था। उनके पास चिकित्सा करने का कोई भी लाइसेंस और डिग्री नहीं मिली। पुछताछ करने पर कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। ड्रग इंस्पेक्टर कुलदीप यदुवंशी,नेहा बंसल और सूर्यवीर ने तीनों मेडिकल स्टोर के विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दिया। कार्यवाही के दौरान बडगांव बीसीएमओ डॉ अरुण सिंह और डॉ आशीष शर्मा उपस्थित थे। सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य ने इनके विरुद्ध पुलिस कार्यवाही के निर्देश दिए।

न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री पर पहुंचा

उदयपुर, (कासं)। लेकसिटी में सर्दी ने अब दस्तक दे दी है। बीते दिनों हुई बारिश के बाद एक बार तापमान में बढोतरी हुई लेकिन आसमान साफ होने के बाद अब सर्दी का अहसास बढने लगा है वहीं रात के तापमान में एक ही दिन में 6 डिग्री से अधिक की गिरावट हुई है हालांकि दिन का तापमान अब भी 30 डिग्री के करीब बना हुआ है। शाम होते ही सर्द अहसास में इजाफा होने लगा है।उदयपुर शहर में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। हालांकि बीते दिनों हुई बारिश ने मौसम को बदल दिया था और बारिश के साथ सर्द अहसास होने लगा था लेकिन फिर तापमान में बढोतरी के साथ सर्दी स्थिर बनी हुई थी। वहीं अब शहर का मौसम साफ होने के साथ ही सर्दी बढने लगी है। मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार शहर का अधिकतम तापमान 30.3 डिग्री व न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है जो मंगलवार को क्रमश: 30.0 व 21.6 डिग्री था। एक ही दिन में रात के तापमान में छह डिठी की कमी हुई है। आगामी दिनों में सर्दी और बढने के साथ ही अब ऊनी वस्त्रों की जरूरत महसूस होने लगी है। हालांकि अलसुबह व देर रात सर्दी बीते 15 दिनों से असर दिखा रही है लेकिन अब सुबह व शाम भी ठंड का असर दिखने लगा है।

अवैध बजरी परिवहन पर की कार्रवाई

राजसमंद, (निसं)। जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा बुधवार को एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने ग्राम पंचायत मोही में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर ट्रॉली को मौके पर ही पकड लिया। कलेक्टर हसीजा ने बिना किसी देरी के ट्रोले को जब्त करवाते हुए चालक से पूछताछ कीए जिसके बाद चालक मौके से भाग खडे हुए। जिला कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से संबंधित अधिकारियों को फोन कर अवैध खनन और बजरी परिवहन पर सघन अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले की सीमाओं पर सतत निगरानी रखी जाए, ताकि अवैध बजरी का परिवहन और निर्गमन किसी भी स्थिति में न हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि जहां-जहां अवैध खनन की गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं, वहां त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

उदयपुर, (कासं)। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलक्टर नमित मेहता एवं अध्यक्ष सड़क सुरक्षा समिति उदयपुर की अध्यक्षता में गुरूवार शाम 6 बजे संभागीय आयुक्त कार्यालय, उदयपुर में आयोजित की जायेगी। जिला सुरक्षा समिति के सदस्य सचिव के अनुसार बैठक में सड़क सुरक्षा पर ऐजेण्डा अनुसार चर्चा की जाएगी।

इंटर कॉलेज पीजी क्विज प्रतियोगिता आयोजित

उदयपुर, (कासं)। नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर गीतांजलि मेडिकल कॉलेज, उदयपुर के मनोरोग विभाग द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से एक इंटर कॉलेज पीजी क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम का विषय था-नशे को ना कहें और जीवन को हाँ कहें।

उदयपुर के सभी छह मेडिकल कॉलेजों - आरएनटी मेडिकल कॉलेज, अनंता इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, जीबीएच मेडिकल कॉलेज और पैसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (दोनों परिसरों) - ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नशा मनोचिकित्सा पर आधारित पाँच रोमांचक राउंड्स में प्रतिभागियों ने जोरदार मुकाबला किया। पैसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स) की दूसरे वर्ष की रेजिडेंट डॉ. दिव्या चड्ढा और प्रथम वर्ष की रेजिडेंट डॉ. नीलांका घोष ने शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल राउंड में गीतांजलि मेडिकल कॉलेज की टीम के साथ टाई किया। डॉ. दिव्या चड्ढा के उत्कृष्ट ज्ञान और त्वरित उत्तरों की सभी कॉलेजों के शिक्षकों ने सराहना की। पिम्स को प्रतियोगिता में रनर-अप घोषित किया गया। इस उपलब्धि पर डीन एवं प्रो. डॉ. सुरेश गोयल, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. कमलेश शेखावत तथा विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. प्रवीन खैरकर ने टीम की सराहना की।

दातापति हनुमान मंदिर में राड़ा जी की प्रसादी सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)। हिरणमगरी सेक्टर-4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में मंगलवार, 5 नवम्बर को श्रद्धा और उत्साह के साथ राड़ा जी की प्रसादी का आयोजन सम्पन्न हुआ। मंदिर परिसर आकर्षक पुष्पमालाओं, दीप सजावट और रंग-बिरंगी रोशनियों से सुसज्जित था।

- **सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया दर्शन, प्रसादी और स्वास्थ्य लाभ**

मंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने बताया कि यह वार्षिक आयोजन अन्नकूट महोत्सव के बाद प्रतिवर्ष किया जाता है।भक्तगणों ने श्रीराम दरबार, हनुमान जी, सर्वेश्वर महादेव, गजानंद जी, वैष्णो देवी माता और राड़ा जी महाराज के दर्शन कर प्रसादी का लाभ उठाया।शाम को साढ़े 7 बजे महाआरती का आयोजन हुआ, जिसके बाद रात 8 बजे से प्रसादी वितरण प्रारंभ हुआ। वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का मनमोहक दृश्य देखने को मिला।

मंदिर परिसर में प्रसादी के साथ स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जिसमें लोगों ने बीपी और शुगर की जांच करवाई तथा स्वास्थ्य लाभ लिया। भक्तों ने भजन-कीर्तन में भावपूर्वक भाग लिया, वहीं महिलाओं ने मंगल गीत गाए। पूरे मंदिर परिसर का वातावरण भक्ति और आनंद से सराबोर हो गया।

आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे, जिन्होंने राड़ा जी की प्रसादी ग्रहण की और प्रसाद का खूब आनंद लिया। आयोजन के पश्चात 8 नवम्बर 2025 को भजन संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें स्थानीय भजन मंडलियां सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगी।

पैरामेडिकल क्षेत्र स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ : डॉ. कनुप्रिया तिवारी

उदयपुर, (कासं)। साईं तिरुपति यूनिवर्सिटी में पैरामेडिकल बैचलर्स सत्र 2025-26 के नवप्रवेशी छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) सुरेश गोयल ने अपने उद्बोधन में पैरामेडिकल सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली में पैरामेडिकल प्रोफेशनल्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सटीक रिपोर्टिंग और कुशल तकनीकी ज्ञान के बिना उपचार अधूरा है। छात्रों को अपने प्रशिक्षण काल में अधिक से अधिक व्यावहारिक अनुभव अर्जित करना चाहिए। वेंकटेश्वर इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) अनंत प्रकाश गुप्ता ने कहा कि देश में हेल्थ सेक्टर तेजी से विकसित हो रहा है, जिससे पैरामेडिकल क्षेत्र में असीम संभावनाएँ हैं। छात्रों को अनुशासन, ईमानदारी और निरंतर सीखने की भावना के साथ आगे बढना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य के लिए कई उपयोगी सुझाव भी दिए। वाइस प्रिंसिपल राजेश चौबीसा ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रयोगशाला कार्यों में सटीकता और सुरक्षा के महत्व पर बल दिया।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री की स्वास्थ्य योजनाओं से अवगत कराते हुए बताया कि कैसे सरकारी नीतियाँ पैरामेडिकल प्रोफेशन के लिए नए अवसर प्रदान कर रही हैं।माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. एस. के. दत्ता एवं रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) हरि राम ने विभिन्न जांचों के महत्व एवं स्वास्थ्य सेवाओं में पैरामेडिकल स्टाफ की अहम भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला।

इस अवसर पर साईं तिरुपति यूनिवर्सिटी की डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. कनुप्रिया तिवारी ने कहा कि पैरामेडिकल क्षेत्र स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ है। सटीक जाँच, संवेदनशील व्यवहार और तकनीकी दक्षता एक सफल पैरामेडिक के प्रमुख गुण हैं। विद्यार्थियों को अपने पेशे में निष्ठा और मानवीयता को सदैव सर्वोपरि रखना चाहिए। कार्यक्रम में रेडियोलॉजी विभाग के सीनियर तकनीशियन जय प्रकाश त्यागी, फैकल्टी सदस्य वेदिका राठौर, निकिता पाहूजा, कैलाश चौधरी, यश जैन, पीयूष शर्मा ने भी अपने-अपने अनुभव शेयर किए एवं कार्यालय अधीक्षक डॉ. भरत दधीच उपस्थित रहे। संचालन रेडियोलॉजी विभाग के कैलाश चौधरी ने किया।

सांसद ने किया अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण

उदयपुर, (का.सं.)। उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मन्नालाल रावत ने बुधवार को उदियापोल रोडवेज बस स्टैंड स्थित अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया। सांसद ने निरीक्षण के दौरान रसोई में तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता,स्वच्छता व्यवस्था तथा सेवा प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया।

सांसद मन्नालाल रावत ने रसोई संचालक नारायण चौधरी एवं कर्मचारियों से रसोई में रोज निर्मित होने वाले भोजन की सूची और कितने लोगों को रोज भोजन करवाया जाता है इस बारे में जानकारी ली। उन्होंने दाल, चावल, सब्जी और रोटी की मात्रा और क्वालिटी भी चैक की और लाभार्थियों की सूची को भी बारीकी से देखा।

सांसद मन्नालाल रावत ने संचालक को सुझाव भी दिए। निरीक्षण उपरांत डॉ. रावत ने श्री अन्नपूर्णा रसोई में 200 से अधिक लोगों को नि:शुल्क भोजन भी कराया और वहां की व्यवस्था एवं भोजन के स्वाद की सराहना की।

परखी एसआईआर की गतिविधियां, किया संवाद

राजसमंद, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के निर्देशन में जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। इस अभियान के अंतर्गत बूथ स्तर अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र (फॉर्म) वितरित कर रहे हैं ताकि पात्र मतदाताओं की मैपिंग की जा सके।

बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार हसीजा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर इस प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम मोही, भटोली, अमलोई, एमडी सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया और यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक घर तक प्रपत्र पहुंच जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि यह प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और सावधानी के साथ की जाए। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता, स्वीप समन्वयक हरिओम सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर हसीजा ने इस अवसर पर कहा कि प्रत्येक अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि जानकारी अद्यतन और सटीक रूप में संकलित की जाए।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिले के सभी उपखंड अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पुनरीक्षण कार्य का नियमित निरीक्षण करें।

बकाया मानदेय भुगतान की मांग

डूंगरपुर, (निसं)। अखिल राजस्थान कृषक मित्र डूंगरपुर के जिला मंत्री बंशीलाल खराडी ने बताया कि कृषि विभाग राजस्थान के अधीन कृषक मित्र कार्यरत है और इन्हें केवल मात्र 1500 प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है कि कृषक मित्र को वर्ष 2011 से कृषि विभाग कृषक मित्र को कृषि विभाग द्वारा पूरी सेवाएं ली जा रही है।

आत्मा परियोजना जयपुर के निर्देशानुसार सरकार के कार्य करवाए जाते है, लेकिन इन्हें पिछले 3 माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे कर्षक मित्रो का भारी आर्थिक मानसिक शोषण हो रहा है, कृषक मित्रो को घर, परिवार चलाना भी नहीं होता अल्प मानदेय कर्मी होने के बाद भी समय पर मानदेय नहीं मिलना सरकार की नाकामियाबी को दर्शाता है। काम ज्यादा और मानदेय कम,देश की सरकारे मानदेय कार्मिकों के नाम पर भारी भ्रष्टाचार बढाया जा रहा है, समय पर 1500 रूपये मानदेय नहीं देना मजदूर, किसान, मानदेय कार्मिको के साथ नाइंसाफी कर रही है। एक तरफ सरकारे पूजीपतियों को कोडियों के भाव में जमीन,ठेके देती है और टैक्स में उन्हें छूट देती है जो 1 प्रतिशत है दूसरी और जनता का हर तरफ शोषण ही शोषण कर रही है और करवा रही है। सरकार मानदेय कर्मियों के लिए, बेरोजगारों के लिए छात्रों, युवाओ के लिए कुछ नहीं कर रही है ओर पूजीपति को सब कुछ देकर शोषण करवा रही है। कृषक मित्र माँगो को लेकर कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। संगठन ने मांग की है कि कृषक मित्र को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, जब तक कर्मचारी को दर्जा ना मिले कृषक मित्र का मानदेय प्रतिमाह 26000 देने, कृषक मित्रों से सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जावे।

बत्ते गैर-शैक्षिक कार्यों, संसाधनों की कमी पर जताई नारजगी

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेह स्कूल में सम्पन्न बैठक में शिक्षकों पर बढते गैर.शैक्षिक कार्यों,संसाधनों की कमी और सरकारी योजनाओं के लंबित भुगतानों को लेकर नाराजगी जताई गई। बैठक में जिलेभर से आए शिक्षकों ने अपने.अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान ने कहा कि जिले के अधिकांश शिक्षक वर्तमान में बीएलओ कार्य में लगाए गए हैं जबकि अर्धवार्षिक परीक्षाएं नजदीक हैं और विद्यार्थियों का कोर्स अधूरा है। उन्होंने सवाल उठाया कि ष्शिक्षक बच्चों को पढाएं या सरकारी सर्वे का काम करेंष्जिला महामंत्री कमलेश शर्मा ने बताया कि जुलाई 2025 से सरकारी विद्यालयों में दूध पाउडर की आपूर्ति बंद है जिससे मिड.डे मील योजना प्रभावित हो रही है। साथ ही कुक.कम.हेल्पर को दूध गर्म करने की राशि पिछले एक साल से नहीं मिली जिससे त्योहारों के समय भी उन्हें निराशा हाथ लगी है।

शर्मा ने यह भी कहा कि दीपावली पर विद्यालयों में रंग.रोगन के आदेश तो जारी हुए लेकिन इसके लिए कोई बजट आवंटित नहीं किया गया। ग्राम पंचायतों ने भी बजट की कमी का हवाला देते हुए रंग.रोगन कराने से इनकार कर दिया। अब शिक्षा अधिकारी बिना धनराशि के शिक्षकों पर दबाव बना रहे हैं जो अनुचित है।

बैठक में यह मुद्दा भी उठा कि शिक्षकों से 2016 से 2025 तक की एपीएआर भरने को कहा गया है जबकि तृतीय श्रेणी शिक्षकों की डीपीसी पर कोर्ट का स्टे ऑर्डर लगा हुआ है और कोई वरिष्ठता सूची जारी नहीं हुई है। इससे शिक्षकों में भ्रम और असंतोष है।

डूंगरपुर में कार्तिक पूर्णिमा पर मंदिरों में हुए ध्वजा परिवर्तन

डूंगरपुर, (निसं)। जिले भर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जिनालय में ध्वजा परिवर्तन के साथ चातुर्मास निवासरत साधु संतों का विहार एवं पिच्छी परिवर्तन के कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्तिक पूर्णिमा का जैन धर्म का त्रिवेणी के रूप में महत्व है जहां परम पूज्य आचार्य देव का जन्मोत्सव है वहीं सिद्धांत अंचल की भाव यात्रा चार माह के बाद आज से पुन: शुरू होती है और साधु संतों का चातुर्मास परिवर्तन ही कार्तिक पूर्णिमा से होता है।

माणक चौक स्थित आदिनाथ जिनालय सहित सभी जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के जिनालयो में ध्वजा परिवर्तन के कार्यक्रम विधि विधान के साथ सम्पन्न हुए। इस अवसर पर श्री जैन श्वेताम्बर वीशा हुम्मड संघ के तत्वावधान में बुधवार को प्रात: जैन सोसायटी स्थित संभवनाथ जिनालय में विविध धार्मिक कार्यक्रम के पश्चात लाभार्थी परिवारों के निवास स्थान से ध्वजा को लेकर सकल संघ के सानिध्य में गाजे बाजे के साथ श्रीजी को पालकी में विराजित कर घरघुटी संभवनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर जेलखाना, महाराजा मार्केट, तहसील चौराहे, गेपसागर की पाल, पुराना अस्पताल, कंसारा चौक, सोनिया चौक, घुमटा बाजार होते हुए माणक चौक स्थित आदिनाथ जिनालय पहुंचे, जहां देव दर्शन के पश्चात मंदिर के शिखरो पर लाभार्थी परिवारों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारो के बीच ध्वजा परिवर्तन की गई। इसी तरह ओटा स्थित पोरवाड संघ के नेमिनाथ जिनालय, घाटी स्थित श्री गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर, महावीर स्वामी मंदिर सहित 24 टोको पर ध्वजा परिवर्तन लाभार्थी परिवारों द्वारा किया गया।

इसी तरह जिले भर के जिनालयों में ध्वजा परिवर्तन के कार्यक्रम मंदिरों में हुए। इस अवसर पर मंदिरो में शंत्रुजय पट के समक्ष भाव यात्रा का आयोजन खमासणा के रूप में हुआ जिसमे बडी संख्या में धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बनकोडा स्थित रत्नागिरी तीर्थ पर वागड उद्धारक श्री पुण्य विमल जी महाराज साहब की पुण्य तिथि के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। डूंगरपुर-जैन श्वेतांबर दशा पोरवाल समाज द्वारा फौज का बडला स्थित रणछोड राय मंदिर के शिखर का ध्वज परिर्तन किया गया। अध्यक्ष गणेशलाल मोदी ने बताया कि ध्वज परिवर्तन का लाभार्थी परिवार डॉ.जयेश व पत्नी शालू गांधी ने लिया। वहीं, गाजे बाजे के समाजजन रणछोड राय मंदिर पहुंचे। इसके बाद लाभार्थी परिवार ने ?शिखर का ध्वज परिर्वतन किया। इस दौरान भगवान के जयकारें भी लगाए गए। ध्वज परिवर्तन के बाद मंदिर में सामुहिक महाआरती का आयोजन किया गया। वहीं, मंदिर के जीणोद्धार के संबंध में अपने सुझाव रखें। कार्यक्रम में धीरेंद्र गांधी, राजेश गांधी, कन्हैयालाल जैन, अभय कोठारी, दीपक जैन, निलेश गांधी, सुरेश गांधी, निकुंज गांधी, देवेश मोदी, चंद्रेश मोदी आद